—::राजस्थान सरकार::—

निःशुल्क लैपटॉप वितरण योजना

राज्य के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 8, 10, प्रवेशिका एवं कक्षा 12 (कला, वाणिज्य, विज्ञान) एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाओं में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर राज्य स्तरीय पात्रता हेतु 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक एवं जिला स्तर की पात्रता हेतु न्यूनतम 70 प्रतिशत या इससे अधिक के मेधावि विद्यार्थीयों का चयन राज्य सरकार के पत्रांक दिनांक 17.10.2016 एवं 10.02.2017 के निर्देशानुसार किया जाकर कुल 27900 मेधावि विद्यार्थियों को लैपटाप वितरण किये जाने का प्रावधान है।

योजना का उद्देश्य : राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता में बढ़ावा देने का इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।

पात्रता :

- कक्षा 8 के प्रारम्भिक शिक्षा पात्रता परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले राज्य स्तरी योग्यता सूची के अनुसार राजस्थान राज्य के राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले प्रथम 6000 विद्यार्थी तथा जिला स्तर पर कक्षा 8 के प्रारम्भिक शिक्षा पात्रता के अनुसार केवल राजकीय विद्यालनयों में अध्ययनरत प्रथम 100—100 विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होगें।
- कक्षा 10 की राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले राज्य स्तरी योग्यता सूची के अनुसार राजस्थान राज्य के राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाल कक्षा 10 के प्रथम 5880 स्थान प्राप्त करने वाल विद्यार्थी एवं प्रवेशिका परीक्षा में प्रथम 120 स्थान प्राप्त करने वाल विद्यार्थी। इसी प्रकार जिला स्तर पर लैपटॉप वितरण हेतु कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाल जिला स्तरीय योग्यता सूची के अनुसार केवल राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रथम 98 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं प्रवेशिका परीक्षा में जिले में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाल विद्यार्थी योजना का लाथ लेने हेतु पात्र होंगे।
- कक्षा 12 की राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाल राज्य स्तरीय योग्यता सूची के अनुसार राजस्थान राज्य के राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करते वाल कक्षा 12 के सथी संकायों में 5880 एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के प्रथम 120 स्थन प्राप्त करने वाल विद्यार्थियों को लेपटॉप प्रदान किये जायेंगे। इसी प्रकार जिला स्तर पर लैपटॉप वितरण हेतु कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा मे ंन्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाल जिला स्तरीय योग्यता सूची के अनुसार केवल राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी संकायों में 98 लैपटॉप

एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के जिल में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाल विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होगें।

राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर के कक्षा 8, 10 एवं 12 के परीक्षा परिणाम के आधार पर –

कक्षा	**राज्य स्तर पर (न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक)**	**जिला स्तर पर (न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक)**	**योग**
कक्षा 8	6000	3300 (प्रति जिला 100)	9300
कक्षा 10	6000	3300 (प्रति जिला 100)	9300
कक्षा 12	6000	3300 (प्रति जिला 100)	9300
योग	**18000**	**9900**	**27900**

इस योजना के अन्तर्गत शैक्षिणिक सत्र 2013–14 से 2017–18 तेक कक्षा वार वितरण किये गये लेपटॉपो का विवरण निम्नानसुार हैः–

क्र.सं.	**वर्ष**	**कक्षा 8**	**कक्षा 10**	**कक्षा 12**	**योग**
1	शैक्षणिक सत्र 2013–14	1395	6840	8085	16320
2	शैक्षणिक सत्र 2014–15	9105	8905	8728	26738
3	शैक्षणिक सत्र 2015–16	9040	9130	9133	27303
4	शैक्षणिक सत्र 2016–17	9170	9201	9219	27590
5	शैक्षणिक सत्र 2017–18	9131	9133	9249	27513
योग :–		**37841**	**43209**	**44414**	**125464**